पुलिस के लिए कारगर होगी माइक्रोबीट्स प्रणाली

पुलिस की बीट प्रणाली होगी और भी मजबूत, मध्यप्रदेश पुलिस में एक मार्च से माइक्रो बीट प्रणाली का होगा क्रियान्वयन

मंडला, देशबन्धु। अपराधों की विवेचना एवं रोकथाम पुलिस का मूलभूत दायित्व है। पुलिस व्यवस्था को जनोन्मुखी बनाने, अपराधों पर अंकुश लगाने, अपराधियों की ट्रैकिंग, सामुदायिक पुलिसिंग एवं बीट में निवासरत अपराधियों पर अंकुश रखने के दृष्टिकोण से बीट व्यवस्था को सुदृढ़ व प्रभावी क्रियान्वयन करने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार पुरे मध्यप्रदेश में 01 मार्च 2025 से ष्माईक्रो बीट प्रणालीष् लागू होगी। बीट व्यवस्था और उसकी आवश्यकता पुलिस कार्यप्रणाली का प्रमुख हिस्सा एवं अपराध नियंत्रण व विवेचना का मूलभूत आधार रहा हैं। समय के साथ साथ काम करने के तरीके एवं पुलिस के कार्यों दृष्टिगत थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रत्येक छोटी-छोटी जानकारी को एकत्रित करना आदि तथ्यों को ध्यान में रखकर बीट कार्यों को चरणवार रुप से विभाजित कर क्रियान्वयन प्रारंभ करना तय किया गया है। माईक्रो बीट व्यवस्था अंतर्गत बीट के अंदर ष्माइक्रो बीटश् बनाये गये है।जिसमें प्रत्येक आरक्षक/प्रधान आरक्षक के पास निश्चित गाँव एवं मोहल्ला को नामांकित किया गया हैं। जिससे उस क्षेत्र विशेष



से संबंधित अपराध/अपराधियों की सम्पूर्ण जानकारी, उस निर्धारित आरक्षक / प्रधान आरक्षक के पास हो। थाने के सम्पूर्ण क्षेत्र को बीटो में एवं प्रत्येक बीट को विभिन्न श्माइक्रो बीटश् में बांटा गया तथा माइक्रो बीट में थाने से प्रत्येक आरक्षक /प्रधान आरक्षक का वितरण किया गया हैं, थाने के प्रधान आरक्षक लेखक एवं मालखाना मोहर्रिर को छोड़कर थाने के प्रत्येक कर्मचारी को गाँव/मोहल्ला आवंटित किया गयें हैं जो श्माइक्रो बीट का कार्य करेंगे एवं थाना पर पदस्थ बल का सर्वाधिक एवं सर्वोत्तम उपयोग हो सकेगा। 01 मार्च 2025 में बीट व्यवस्था के क्रियान्वयन के प्रथण चरण में श्माइक्रो बीटश् अधिकारी हेतु ऑब्जरवेशन/इन्फॉर्मेशन बुक बनाया गया जिसमें पुलिस कर्मचारी श्माइक्रो बीटष् में निवासरत सभी निगरानी बदमाश, गुण्डा बदमाश, संदिग्ध, संपत्ति संबंधी सजायाब, फरारी बदमाश एवं आदतन अपराधियों की जानकारी दर्ज कर इनकी चैकिंग करेंगे। बीट में भ्रमण के दौरान ही संबंधित आरक्षक/प्रधान आरक्षक श्माइक्रो बीटश् में लगे सीसी कैमरो की जानकारी भी एकत्रित करेगा, उक्त कैमरो का कवरेज मुख्य रोड पर कहां से कहां तक है, कैमरा किस स्थान पर लगा है एवं किसके

नियंत्रण में है, सबंधित का मोबाईल नंबर भी इनफार्मेशन नोट बुक में लिखा जायेगा। साथ ही क्षेत्र में स्थित बैंकों एवं एटीएम सुविधा केन्द्रों की जानकारी, शादी/सामुदायिक भवनों की जानकारी, क्षेत्र के बाजारों के नाम, क्षेत्र में ज्वैलरी शॉप्स, होटल, लॉज रहने के लिए सराय, धर्मशाला, क्षेत्र में एक्सप्लोसिव विक्रेताओं, क्षेत्र में रहने वाले प्रमुख शासकीय, अर्ध शासकीय अधिकारियों एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों के संबंध में जानकारी, क्षेत्र में ठेला बाजार, साप्ताहिक बाजारों आदि की जानकारी, क्षेत्र में पार्क, बच्चों के खेल मैदान आदि की जानकारी, समय आदि सहित संदिग्ध व्यक्तियों घूमक्कड़ जातियों मुसाफिरों की जानकारी के साथ साथ ऑब्जर्वेशन बुक में क्षेत्र में मिलने वाली गोपनीय सूचनाओं के बारे में जानकारी दर्ज की जायेगी। जो की तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को बताई जायेगी। नई बीट प्रणाली में प्रत्येक बीट प्रभारी उनकी बीट में विभाजित माइक्रो बीटष् और उससे संबंधित कार्यों का पर्यवेक्षण करेंगे एवं थाना प्रभारी के मार्गदर्शन में प्रभावी श्माइक्रो बीट व्यवस्था का जमीनी क्रियान्वयन करेंगे। जल्द ही ष्माइक्रो बीटष् के कर्मचारी इस इन्फॉरमेशन/ ऑब्जरवेशन मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से रखना प्रारंभ किया जावेगा ताकि एकत्रित जानकारी और उसका प्रयोग सभी पुलिस अधिकारियों की पहुँच में हो। बीट के कर्मचारियों द्वारा किये जा रहे कार्य की मॉनीटरिंग प्रति सप्ताह थाना प्रभारी, प्रत्येक पक्ष में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) एवं प्रति माह पुलिस अधीक्षक द्वारा किया जावेगा।

लोक सेवा केंद्र का किया औचक निरीक्षण

दमोह, देशबन्धु। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशानुसार जिला लोक सेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल के द्वारा तहसील बटियागढ़ स्थित लोक सेवा केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने लोक सेवा केंद्र में उपस्थित आवेदकों से चर्चा की और उनसे आवेदनों को दर्ज कराए जाने के संबंध में जानकारी ली। उपस्थित आवेदकों द्वारा बताया गया कि आवेदन काउंटर पर सामने लगी कंप्यूटर स्क्रीन पर उनके आवेदन का विवरण दिखता है जिससे आवेदकों के आवेदन त्रुटिरहित दर्ज होते हैं। निरीक्षण के दौरान जिला लोक सेवा प्रबंधक पटैल ने लोक सेवा केंद्र की का अवलोकन किया और कर्मचारियों को आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने हेतु निर्देशित किया।

सार-समाचार

बांदकपुर ड्यूटी जाते समय आरक्षक को शराबी ने किया जख्मी

हटा, देशबन्धु। थाना में पदस्थ जमीर खान मंगलवार की शाम हटा से बांदकपुर जा रहा था कि बनगांव के पास बीच सड़क पर बाइक खड़ी कर राजा लोधी निवासी लुहारी शराब पी रहा था। आरक्षक ने उसे सड़क से हटने को कहा तो वह विवाद करने लगा। इस बीच उक्त युवक ने आरक्षक की अंगुली को काट लिया जिससे वह लहुलुहान हो गया। इसके बाद पुलिस थाना में को सूचना दी। जब तक वह घटना स्थल से भाग गया। इसके बाद आरक्षक ड्यूटी पर चला गया। पुलिस थाना हटा में आरक्षक द्वारा आवेदन दिया गया है लेकिन अभी तक मामला दर्ज नहीं किया गया।

स्वास्थ्य केंद्र में अधूरी बिल्डिंग पर इंजीनियर को नोटिस

डिंडोरी, देशबन्धु। कलेक्टर नेहा मारव्या सिंह ने बुधवार को एसपी वाहिनी सिंह और डीएफओ पुनीत सोनकर के साथ समनापुर जनपद पंचायत क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने छाटा, सरई और समनापुर में स्वास्थ्य केंद्र और छात्रावास का निरीक्षण किया।कलेक्टर नेहा मारव्या सिंह ने स्वास्थ्य केंद्रों में जनरल वार्ड, ओपीडी और दवाइयों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र की दीवारों पर योजनाओं की जानकारी पेंट करवाने के निर्देश दिए। सरई उपस्वास्थ्य केंद्र की अधूरी बिल्डिंग को हैंडओवर करने के मामले में इंजीनियर सुरुचि को नोटिस जारी करने के आदेश दिए। किवटी आदिवासी कन्या छात्रावास की अधीक्षिका चंद्रा मरावी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश सहायक आयुक्त को दिए गए। समनापुर सीनियर आदिवासी कन्या छात्रावास में कलेक्टर ने छात्राओं से व्यवस्थाओं की जानकारी ली।उन्होंने छात्राओं के साथ बैठकर भोजन भी किया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, एसडीएम भारती मरावी, सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

ग्राम कोटा में डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण

पटेरा, देशबन्धु। ग्राम पंचायत कोटा में मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, सांसद राहुल सिंह और विधायक उमा देवी खटीक ने डॉ अंबेडकर जी की मूर्ति का अनावरण किया वही सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम नज़र आये कार्यक्रम के दौरान आए हुए अतिथियों का स्वागत भी किया गया डॉ भीमराव अंबेडकर जो कि संविधान के निर्माता कहे जाते हैं उनकी भाव और दिव्या प्रतिमा का अनावरण किया गया ग्रामीण जन सहित प्रशासनिक अधिकारी की टीम मौजूद रही।

देर से पहुंचे पांच छात्र नहीं दे पाए दसवीं की परीक्षा

दमोह, देशबन्धु। दमोह के एक्सीलेंस स्कूल में गुरुवार को कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में कई तीन छात्र और दो छात्राओं को वापस लौटना पड़ा। नियमों के अनुसार छात्रों को सुबह 8.30 बजे तक परीक्षा केंद्र पहुंचना था। विशेष परिस्थितियों में 8.40 बजे तक प्रवेश की अनुमति थी।

चना, मसूर, राई, सरसों के उपार्जन के लिए कृषक पंजीयन 10 मार्च तक

मण्डला, देशबन्धु। भारत सरकार की प्राईस सर्पोट स्कीम अंतर्गत रबी वर्ष 2024-25 विपणन वर्ष 2025-26 में रबी फसल चना, मसूर, राई/सरसों के उपार्जन हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन का कार्य 20 फरवरी 2025 से प्रारम्भ हो चुका है। कृषक पंजीयन 10 मार्च तक किया जाना है। किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज एवं सुगम बनाया गया है, किसान स्वयं के मोबाईल से घर बैठे पंजीयन कर सकेंगे।

किसानों को पंजीयन केंद्रों में लाईन लगाकर पंजीयन करने की समस्या से मुक्ति मिलेगी। इस संबंध में कार्यालय किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंडला के माध्यम से चना, मसूर, राई/सरसों के उपार्जन हेतु निर्धारित किये गये पंजीयन केंद्रो में ही कृषक चना, मसूर, राई/सरसों का पंजीयन करा सकते हैं।

इसके साथ-साथ पंजीयन की नि:शुक्ल व्यवस्था ग्राम पंचायत/जनपद पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केंद्र, सहकारी समितियों द्वारा संचालित पंजीयन केंद्र एवं एमपी किसान ऐप के माध्यम से कृषक अपना पंजीयन कर सकते हैं। इसके अलावा एमपी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित सायबर कैफे पर पंजीयन शुल्क राशि जमा कर कृषक अपना पंजीयन करा सकते हैं।

42 महिलाओं को दिलाया सिलाई का प्रशिक्षण

मण्डला, देशबन्धु। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (सेंट आरसेटी) मंडला द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित कराने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कराए जाते हैं। इसी क्रम में स्व-सहायता समूह एवं गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाली महिलाओं को महिला सिलाई का 30 दिवसीय प्रशिक्षण 24 जनवरी से 22 फरवरी तक प्रदान किया गया। 42 महिलाओं ने यह प्रशिक्षण प्राप्त किया।

प्रशिक्षण के दौरान सलवार सूट, लेगी, स्कूल ड्रेस इत्यादि वस्त्र बनाने और उद्यमी विकास के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के पश्चात प्रशिक्षणार्थियों का लिखित एवं मौखिक मूल्यांकन लिया गया। कार्यक्रम में आर सेटी निर्देशक राजेश रॉय द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए बैंक लोन एवं बीमा की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम में राजीव शर्मा, केके अवस्थी, यश मोहन उसराठे एवं अमित यादव, अमन पटेल उपस्थित थे।

भोलेनाथ की बारात में झाकियों ने मन मोहा

हटा, देशबन्धु। महा शिवरात्रि पर्व पर शिवालयों में पूरे श्रद्धा आस्था एवं उत्साह के साथ बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गौरीशंकर मंदिर मे दूल्हा वेश धारी का विशेष श्रृंगार, महारुद्राभिषेक किया गया। भूतेश्वर महादेव मंदिर में शिवलिंग निर्माण एवं भगवान भोले का विशेष श्रृंगार किया गया।

महाशिवरात्रि पर नगर के कमला नेहरू बार्ड में स्थित मां विंध्यवासिनी माता मंदिर शंकर जी का चबूतरा प्रांगण से बारात निकाली गई जो थाना मंदिर चौराहा बड़े जोश से पहुंची जहां भस्म और फूलों की बरसा की गई कोई असुर दानव बनकर बरात में शामिल हुआ तो कोई गले सर्प लपेटे हुए चला तो कोई गले में मुंडों की माला पहने हुए था।

इसके बाद बड़ा बाजार राम मंदिर से होते हुए नगर के सबसे पुराने शिव मंदिर भूतेश्वर महादेव पहुंची और वहां से भूतेश्वर नाथ के दर्शन करते हुए तीन बत्ती तिगड्डा अग्रवाल पेट्रोल पंप चंडी जी मंदिर के दर्शन किए और झंडा

चुनरी चढ़ाते हुए हरदौल चौक से होते हुए गौरी शंकर मंदिर भगवान भोले भंडारी की भव्य बरात पहुंची इसमें बैंड बाजे ढोल नगाड़े सहित अखाड़े भजन पार्टी डीजे साउंड सहित सुंदर एवं सजीव झांकियां भक्तों का आकर्षण का केंद्र रही। जिसमें सबसे सुंदर झांकी बग्गी पर भगवान भोले की सजाई गई।

मंदिर प्रांगण से बारात में शुक्र, शनि, नंदी, ब्रह्मा, विष्णु, शंकराचार्य, नौ ग्रह भी शामिल हुए। देवी देवता के साथ नाचते झूमते चल रहे थे बारात का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। बड़ा बाजार में नव दुर्गा उत्सव समिति के युवाओं द्वारा स्वागत किया गया। बारात दरवाजे पर पहुंचते ही दूल्हा की विधि विधान के साथ अगवानी की गई। गीत गाए बारातियों का स्वागत भी किया गया। चारों पहर रुद्राभिषेक भी किया गया। रुद्र अभिषेक के साथ शिव जी का विवाह बड़े हर्षोल्लास के साथ समापन किया गया। इसका आयोजन भोले के भक्त कावड़ मित्र मंडली के तत्वावधान में किया गया। नगर के सभी शिवालयों शंकर जी का चबूतरा भूतेश्वर नाथ मंदिर गौरी शंकर मंदिर सहित नगर के सभी शिवालयों को सजाने के साथ रंगीन रोशनी भी की गई।

15 दिवस में कर सकते हैं आवंटित भूमि के संबंध में दावा-आपत्ति

मंडला। न्यायालय तहसीलदार मंडला से मिली जानकारी के अनुसार सेनानी 35वी वाहिनी विसबल ग्वारा मंडला द्वारा अतिरिक्त कार्य हेतु ग्राम खैरी पटवारी हल्का नंबर 64 में चिन्हित भूमि की माँग कलेक्टर न्यायालय से की गई है। खसरा क्रमांक 362, रकबा एक एकड़ भूमि की मांग का आवेदन न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मंडला के माध्यम से न्यायालय तहसीलदार मंडला को जांच प्रतिवेदन हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त भूखंड के विषय में किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति 15 दिवस के भीतर न्यायालय तहसीलदार मंडला में पेश की जा सकती है।

ई-सामान्य भविष्य निधि के अंतिम भुगतान की नवीन ऑनलाइन व्यवस्था का प्रशिक्षण आज

मंडला। सामान्य भविष्य निधि में अंतिम भुगतान के स्थान पर आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर पर ई-सामान्य भविष्य निधि के अंतिम भुगतान की नवीन प्रक्रिया 21 फरवरी 2025 से सभी कार्यालयों में लागू की गई है। सफल क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण जिला योजना भवन सभाकक्ष मण्डला में 28 फरवरी 2025 को दोपहर 2:30 बजे 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। अधिकारी/कर्मचारी को उक्त प्रशिक्षण में शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं।

अजब धाम में खेली फूलों की होली

बटियागढ़, देशबन्धु। अजब धाम में जै जै सरकार वार्षिक महोत्सव में वृन्दावन की प्रसिद्ध फूलों की होली उत्सव का आयोजन किया गया। संतजनों ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा जी पर फूलों की बरसात की, वही सैकड़ो श्रद्धालुओं ने फूलों की होली का उत्सव मनाया। होली के गीतों पर झूमकर एक दूसरे के साथ फूलों की होली खेली।

पूज्य श्री रविशंकर जी महाराज रावतपुरा सरकार आज गुरुवार दोपहर अजब धाम पँहुचे। अजब धाम में आयोजित जै जै सरकार वार्षिक महोत्सव में शामिल हुए। अजब धाम में शिष्य मण्डल ने रावतपुरा सरकार की भव्य आगवानी की और छोटे सरकार जी ने स्वागत कर भेंट की। भक्तो ने रावतपुरा सरकार के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

अजब धाम में जै जै सरकार वार्षिक महोत्सव आयोजन के दौरान मलुकपीठ संत राजेन्द्र दास महाराज और स्वामी श्रवनानन्द

सरस्वती महाराज ने देव श्री रामकौमार मन्दिर शाला में अज्वेश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर अभिषेक किया। महाशिवरात्रि की रात से यह पूजा अर्चना सुबह तक विधिविधान से सम्पन्न हुई। दैविक मंत्रोच्चार के साथ महादेव का अभिषेक किया गया।

किसान-व्यापारी के बीच फसल की खरीद-बिक्री पर चर्चा

डिंडोरी, देशबन्धु। कृषि विज्ञान केंद्र में गुरुवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बरलाग इंस्टीट्यूट ऑफ साउथ एशिया संस्थान की ओर से आयोजित इस बैठक में किसानों और व्यापारियों के बीच फसल की खरीद-बिक्री से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा हुई। शहपुरा के किसान भीम शंकर साहू और वरुण गोसाई ने मोटे अनाज की कीमतों को लेकर चिंता जताई। उन्होंने बताया कि रागी, कोदो और कुटकी जैसे मोटे अनाजों का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। उमरिया में कोदो को लेकर फैली अफवाह के बाद इसके दाम में भारी गिरावट आई है। किसानों ने सरकारी खरीद की सीमा और सहकारी संस्थाओं में बड़े किसानों के प्रभुत्व पर भी सवाल उठाए। उन्होंने फसल का समर्थन मूल्य तय करने और मंडी में बेहतर व्यवस्था की मांग की। व्यापारियों की ओर से बबलू सोनवानी ने कहा कि बाजार में अनाज के दाम गुणवत्ता के आधार पर तय होते हैं। उन्होंने बताया कि बाजार में दामों में उतार-चढ़ाव होता रहता है और उसी के अनुसार खरीद की जाती है। गोरखपुर कृषि उपज मंडी के ए एस आई गुलाब सिंह धुर्वे ने एक समाधान सुझाया।